an>

Title: Need to construct approach road on National Highway No. 69 in Betul Parliamentary Constituency.

श्रीमती ज्योति धुर्वे (बैतूल) : मान्यवर, धन्यवाद। बैतूल की एक गंभीर समस्या का मैं आपके सामने स्मरण करती हूं। बैतूल से नागपुर 69 फोर लेन रोड का मार्ग कार्य चालू है। अप्रोच मार्ग नहीं होने के कारण परमंडल से मुलताई बस स्टैंड का अप्रोच मार्ग नहीं बना हुआ है। मोंगिया नाला से नागपुर नाका के बीच का भी अप्रोच मार्ग नहीं बनाया गया है। ऐसी अनेक ग्राम पंचायतें हैं जहां पहुंच मार्ग इस फोर लेन में नहीं बनाये जाने के कारण काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। बैतूल-माचना का पुल भी क्षतिग्रस्त है। एक बहुत बड़ी दुर्घटना एक पत्रिका के माध्यम से हमारे सामने आयी कि एक युवा की उस पुल से बहने के कारण मृत्यु हो गयी।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से यही निवेदन है कि केंद्र सरकार इस एनएच 69 फोर लेन का जो मार्ग कार्य चालू है, उसमें इन सभी जगहों पर अप्रोच रोड बनायी जाए और पुलिया का निर्माण किया जाए। आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं।